Mpox अब वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल नहीं: WHO

विश्व स्वास्थ्य संगठन **(World Health Organization- WHO)** ने घोषणा की है कि **Mpox**, जिसे पहले मंकीपॉक्स के नाम से जाना जाता था, अब वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल नहीं है।

- इसके अतिरिक्त WHO ने हाल ही में घोषणा की है कि कोविड-19 अब **"वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल"** का प्रतिनिधित्व नहीं करता है।

निर्णय का कारण:

- Mpox हेतु आपातकालीन समिति ने सिफारिश की कि प्रकोप अब अंतर्राष्ट्रीय चिंता के सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल का विषय नही रहा।
- समिति की सिफारिश रिपोर्ट किये गए **मामलों में कमी और वायरस से प्रभावित देशों की मज़बूत प्रतिक्रिया पर आधारित थी।**

Mpox:

- **परिचय**:
    - Mpox एक **वायरल** जूनोटिक रोग है जिसमें **चेचक के समान लक्षण होते हैं,** हालाँकि इसमें नैदानिक गंभीरता कम होती है।
    - शोध के लिये रखे गए **बंदरों के समूहों में चेचक जैसी बीमारी के दो प्रकोपों के बाद पहली बार वर्ष 1958 में इस संक्रमण** का पता चला था, **जिस कारण इसका नाम 'मंकीपॉक्स' पड़ा।**
- **लक्षण:**
    - संक्रमित लोगों की त्वचा पर दाने निकल आते हैं जो चेचक की तरह दिखते हैं लेकिन मंकीपॉक्स से होने वाला **बुखार, अस्वस्थता और सिरदर्द** आमतौर पर चिकन पॉक्स के संक्रमण की तुलना में अधिक गंभीर होता है।
    - इस रोग के प्रारंभिक चरण में **मंकीपॉक्स चेचक से भिन्न होता है क्योंकि मंकीपॉक्स में लसीका ग्रंथि का आकार बढ़ जाता है।**
- **प्रसार/फैलाव :**
    - प्राथमिक संक्रमण संक्रमित पशु के **रक्त, शारीरिक तरल पदार्थ, या त्वचीय या श्लैष्मिक घावों** के सीधे संपर्क के माध्यम से होता है। संक्रमित पशुओं का अपर्याप्त पका हुआ मांस खाना भी एक जोखिम कारक है।
- **स्थिति:**
    - मंकीपॉक्स के 111 देशों से 87,000 से अधिक मामले और 140 मौतें दर्ज हुई हैं।
    - पिछले तीन महीनों की तुलना में **पिछले तीन महीनों में लगभग 90% कम मामले** सामने आए हैं।
- **उपचार और टीका:**
    - मंकीपॉक्स का उपचार **सहायक देखभाल** के साथ किया जाता है। **चेचक के लिये विकसित और कुछ देशों में उपयोग के लिये स्वीकृत टीकों एवं चिकित्सीय दवाओं का उपयोग** कुछ परिस्थितियों में मंकीपॉक्स के उपचार में किया जा सकता है।
- **वर्तमान चुनौतियाँ:**
    - वैश्विक स्वास्थ्य आपातकालीन स्थिति को हटाए जाने के बावजूद मंकीपॉक्स सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिये महत्त्वपूर्ण चुनौती है।
        - Mpox के प्रभाव को दूर करने और भविष्य के प्रकोप से बचने के लिये एक मज़बूत, सक्रिय और स्थायी प्रतिक्रिया की आवश्यकता है।
        - अधिक जरूरत वाले लोगों के लिये परीक्षण, टीके और उपचार तक पहुँच सुनिश्चित करना, इस प्रतिक्रिया का एक महत्त्वपूर्ण पहलू बना हुआ है।

यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रश्न. कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लू.एच.ओ.) की भूमिका का समालोचनात्मक परीक्षण कीजिये। (2020)

स्रोत: हिंदुस्तान टाइम्स

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/mpox-no-longer-a-global-health-emergency-who